## इंडियन बैंक म्यूच्युअल फंड

**इंडियन बैंक म्यूच्युअल फंड (आईबीएमएफ़)** का गठन इंडियन बैंक द्वारा प्रायोजित रु.25 लाख की राशि के साथ 1990 के दौरान एक ट्रस्ट के रूप में किया गया था । 1990 -1994 के दौरान आईबीएमएफ की योजनाओं को ट्रस्ट द्वारा संचालित किया जाता था । सेबी (एमएफ़) विनियम,1993 का अनुपालन करते हुए, इंडियन बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में 5 करोड़ रुपये की पूंजी के साथ मेसर्स इंडफ़ंड मैनेजमेंट लिमिटेड (आईएफ़एमएल) का गठन एक आस्ति प्रबंधन कंपनी के रूप में जनवरी 1994 के दौरान किया गया। जनवरी 1994 से आईबीएमएफ़ की योजनाओं का प्रबंधन आईएफ़एमएल द्वारा किया जाता है। आईबीएमएफ़ ने 12 क्लोज़-एंडेड योजनाएँ लॉन्च की और 627.10 करोड़ रुपये जुटाएँ । 12 योजनाओं में से 9 योजनाओं को परिपक्वता की तारीख पर रिडीम किया गया था । तीन योजनाएँ, जैसे इंड नवरत्न, इंड शेल्टर एवं इंड टैक्स शील्ड योजना को नवंबर 2001 के दौरान टाटा म्यूच्युअल फंड में स्थानांतरित किया गया। बॉम्बे के माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित समामेलन योजना के परिणामस्वरूप आईएफ़एमएल को 07.09.2012 को इंडियन बैंक के साथ विलय कर दिया गया एवं यह ट्रस्ट (आईबीएमएफ़) इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै- – 600014 से कार्य कर रहा है।

इंडियन बैंक की निम्नलिखित योजनाओं को मोचन (रिडीम) किया गया है और इकाई प्रमाणपत्र सहित पूर्ण रिडम्प्शन एप्लिकेशन जमा करके रिडम्प्शन मूल्य प्राप्त किया जा सकता है ।

रिडम्प्शन फॉर्म डाउनलोड करने के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक को क्लिक करें

**<u>रिडम्प्शन फॉर्म डाउनलोड करें</u>**

| **योजना का नाम** | **मोचन (रिडम्प्शन) की तिथि** | **मोचन (रिडम्प्शन) मूल्य प्रति यूनिट रु.** |
|---|---|---|
| इंड रत्न [1990) | 31.01.1996 | 14.14 |
| इंडस्ट्री रत्न [रोल्ड ओवर) | 21.02.2001 | 17.66 |
| स्वर्ण पुष्पा [मासिक] [1990) | 31.01.1996 | 101.72 |
| स्वर्ण पुष्पा [वार्षिक] [1990) | 31.01.1996 | 101.72 |
| स्वर्ण पुष्पा [मासिक] रोल्ड ओवर | 31.03.1999 | 100.00 |
| स्वर्ण पुष्पा [वार्षिक] रोल्ड ओवर | 31.03.1999 | 100.00 |
| इंड 88 ए | 31.03.1996 | 128.07 |
| इंड मोती | 30.06.1997 | 7.72 |
| इंड ज्योति ए | 31.03.1998 | 8.54 |
| इंड ज्योति बी | 31.03.1998 | 20.02 |
| इंड प्रकाश ए | 30.11.1999 | 10.00 |
| इंड प्रकाश बी | 30.11.1999 | 19.11 |
| इंड सागर | 15.06.2001 | 19.22 |

रिडम्पशन फॉर्म के लिए निम्नलिखित कार्यालयों से भी संपर्क किया जा सकता है:

| कार्यालय | रजिस्ट्रार |
|---|---|
| **इंडियन बैंक म्यूचुअल फंड**<br>इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय,<br>लेखा विभाग<br>254-260, अव्वै षण्मुगम सालै<br>रायपेट्टा। चेन्नै -600 014<br>फ़ोन: 044-28134484<br>फैक्स: 044- 28134170<br>ईमेल: ibmf@indianbank.co.in | **मैसर्स कैमो कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड**<br>यूनिट–इंडियन बैंक म्यूचुअल फंड<br>'सुब्रमणियन बिल्डिंग'<br>नंबर 1, क्लब हाउस रोड<br>चेन्नै 600 002<br>फ़ोन: 044- 28460718<br>फैक्स: 044- 28460129<br>ईमेल: investor@cameoindia.com |

**<u>मेसर्स टाटा म्यूच्युअल फंड को स्थानांतरित योजना</u>:**

**ए) इंड शेल्टर योजना** 31.03.2002 को परिपक्व हुआ था। टाटा म्यूच्युअल फंड ने अप्रैल 2002 के आखिरी सप्ताह के दौरान सभी यूनिट धारकों को रिडेम्पशन वारंट भेजा है।

**बी) इंड टैक्सशील्ड** योजना 31.03.2003 को रिडीम की गई थी। टाटा म्यूच्युअल फंड ने उपर्युक्त योजना के तहत टाटा इक्विटी ऑपर्च्युनिटीज फंड [ओपन एंडेड स्कीम] को स्वतः अनरिडीम्ड फोलियो के रूप में वर्गीकृत किया है और सभी निवेशकों जिनके पास अनरिडीम्ड इकाइयां है, को खाता विवरण भी भेजा गया है।

**सी ) इंडस्ट्री नवरत्न [रोल्ड ओवर)** योजना 31.03.2004 को रिडीम की गई थी। टाटा म्यूच्युअल फंड ने उपर्युक्त योजना के तहत टाटा ग्रोथ स्कीम [ओपन एंडेड] को अनधिकृत फोलियो को स्वतः अनरिडीम्ड फोलियो के रूप में वर्गीकृत किया है और और सभी निवेशकों जिनके पास अनरिडीम्ड इकाइयां है, को खाता विवरण भी भेजा गया है।

इंड शेल्टर, इंड टैक्स शील्ड और इंड नवरत्न योजनाओं के निवेशकों से अनुरोध है कि वे रिडेम्पशन या किसी अन्य प्रश्न के लिए मेसर्स टाटा म्यूचुअल फंड से निम्नलिखित पते पर संपर्क करें:

| |
|---|
| मेसर्स टाटा एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड<br>मुल्ला हाउस, ग्राउंड फ्लोर<br>51 एम जी रोड, फोर्ट<br>मुंबई – 400 001<br>**टोल फ्री नंबर 1800 209 0101**<br>रजिस्ट्रार– एमसीएस लिमिटेड – टेलीः 022-23726253, /55/ 56 |